तापमान
अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 22. 0 डिग्री

हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि

बिलासपुर, बुधवार, 11 मार्च 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में चल रहा साफ-सफाई व रंग रोगन का काम
4



## खबर संक्षेप

### कक्षा 12 वीं की अंग्रेजी विषय में 139 रहे अनुपस्थित

**जांजगीर-चांपा।** जिले में संचालित हायर सेकेण्डरी स्कूल सर्टिफिकेट परीक्षा वर्ष 2026 के लिए कक्षा 12वीं विषय अंग्रेजी की परीक्षा सुचारू रूप से संचालित हुई। जिला शिक्षा अधिकारी ने बताया कि जिले में कुल 9927 दर्ज परीक्षार्थियों में से 9788 उपस्थित और 139 अनुपस्थित रहे। जिसमें विकासखंड अकलतरा में 1432 परीक्षार्थियों में से 1412 उपस्थित, 20 अनुपस्थित, बलौदा विकासखंड में 1149 परीक्षार्थियों में से 1131 उपस्थित, 18 अनुपस्थित, बम्हनीडीह विकासखंड में 1815 परीक्षार्थियों में से 1793 उपस्थित, 22 अनुपस्थित, नवागढ़ विकासखंड में 3329 परीक्षार्थियों में से 3292 उपस्थित, 37 अनुपस्थित, पामगढ़ विकासखंड में 2202 परीक्षार्थियों में से 2160 उपस्थित, 42 अनुपस्थित थे। परीक्षा में नकल प्रकरण दर्ज नहीं किए गए हैं।

### राष्ट्रीय मछुआरा संघ की बैठक 14 को

**जांजगीर-चांपा।** राष्ट्रीय मछुआरा संघ की बैठक शनिवार 14 मार्च को आयोजित की जाएगी। इस दौरान संघ के रूपरेखा एवं कार्य योजना पर चर्चा होगी। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय मछुआरा संघ की बैठक शनिवार 14 मार्च को राजधानी रायपुर के महामाई पारा में रखी गई है। कार्यक्रम में प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में अध्यक्ष पद की नियुक्ति मछुआरा समिति के कार्य योजना पर चर्चा समेत संगठन बिस्तर पर भी बातचीत होगी। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ मछुआरा संघ के प्रदेश अध्यक्ष गायत्री गायगवाल मछुआरा संघ के महासचिव ओम प्रकाश धीवर कोषाध्यक्ष बुधराम धीवर संयुक्त सचिव नवीन धीवर विशेष तौर पर उपस्थित रहेंगे। उक्त कार्यक्रम की जानकारी मछुआरा संघ के संयुक्त सचिव नवीन धीवर ने दी है।

### मोतियाबिंद का होगा निःशुल्क ऑपरेशन, पंजीयन 20 तक

**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ शासन के समाज कल्याण विभाग द्वारा राज्य के मोतियाबिंद से पीड़ित वरिष्ठ नागरिकों का निःशुल्क सर्जरी राष्ट्रीय आयुष्मान संस्थान (एम्स) रायपुर में निःशुल्क कराया जाएगा। उप संचालक समाज कल्याण विभाग ने बताया कि समाज कल्याण विभाग द्वारा उक्त शिविर में जिले के पात्र वरिष्ठ नागरिकों को एम्स रायपुर ले जाने और वापस लाने की निःशुल्क आवागमन व्यवस्था की गई है। शिविर में शामिल होने वाले नागरिकों को अपना आधार कार्ड एवं एक फोटो के साथ 20 मार्च तक जिला कार्यालय समाज कल्याण, में उपस्थित होकर पंजीयन कराना होगा।

### 13 को किसानों के खातों में आएगी पीएम किसान सम्मान निधि

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत 13 मार्च को योजना की 22वीं किस्त जारी की जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी असम के गुवाहाटी से शाम 5 बजे देश के पात्र किसानों के खातों में डीबीटी के माध्यम से राशि जारी करेंगे। उप संचालक कृषि ने बताया कि जिले के लगभग 1 लाख 24 हजार पात्र किसानों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

धूप तेज होते ही खरीदी प्रभारियों की बढ गई है परेशानी

# उपार्जन केन्द्रों में 3 लाख 22 हजार क्विंटल धान का उठाव अभी बाकी

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा



ट्रक में धान की बोरियों को भरते हमाल।

जिले के 129 समितियो के माध्यम से करीब 61 लाख 67 हजार 640 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 58 लाख 45 हजार 319 क्विंटल धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। वही अभी भी उपार्जन केन्द्रों में 3 लाख 22 हजार 321 क्विंटल धान का उठाव किया जाना बाकि है। इधर तेज धूप बढते ही केन्द्र प्रभारियों की परेशानी बढ गई है। प्रभारियों को धान सूखने का डर सता रहा है।

गौरतलब है कि राज्य शासन के आदेश के अनुसार 15 नवम्बर से 31 जनवरी के बीच समर्थन मूल्य पर धान की खरीदी की गई। वही किसानो के विशेष मांग पर धान खरीदी कार्य 5 एवं 6 फरवरी को किया गया। जांजगीर चाम्पा जिले के 129 सेवा सहकारी समितियो को मिलाकर करीब 61 लाख 67 हजार 640 क्विंटल धान की खरीदी की गई। जिसमें से 58 लाख 45 हजार 319 क्विंटल धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। वही उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 3लाख 22हजार 321 क्विंटल धान का उठाव किया जाना अभी शेष है। जिसके कारण केन्द्र प्रभारियों की परेशानी और भी बढ गई है। केन्द्र प्रभारियो को धान सूखने का डर सता रहा है। मार्च महीने का दुसरा पखवाडा प्रारंभ हो चुका है। वही अब धीरे धीरे तेज धूप के बीच अब गर्मी का एहसास भी होने लगा है। जिसके कारण केन्द्रों में रखे धान अब सूखने लगे है। ऐसे मे केन्द्र प्रभारी अब जल्द से जल्द धान उठाव की मांग भी करने लगे है। प्रभारियो को धान सूखने का डर सता रहा है। एक तरफ तो शासन के द्वारा धान खरीदी होने के 72 घंटे के भीतर धान का उठाव करने की बात तो कही जाती है। वही दूसरी तरफ 72 घंटे तो दुर की बात समर्थन मूल्य पर धान खरीदी समाप्त होने के 40 दिनों बाद भी उपार्जन केन्द्रों में अभी भी 3 लाख 22हजार क्विंटल से अधिक का धान उठाव अभी बाकी है। इधर गर्मी ने अपना असर दिखाना शुरू कर दिया है। वहीं उपार्जन केन्द्र में प्रभारियों को धान सूखने का डर सता रहा है। इस तरह की समस्या हर साल केन्द्र प्रभारियों को होती है। इसके बावजूद भी जिम्मेदार अफसर धान उठाव को लेकर ध्यान नहीं देते है।

### 4 करोड से अधिक की त्रण वसूली अभी बाकी

जांजगीर चाम्पा जिले के 1 लाख 20 हजार से भी अधिक किसानो के द्वारा खाद बीज सहित अन्य कामो के लिए जिला सहकारी बैंको के माध्यम से अरबो रूपऐ का लोन लिया गया है, लेकिन विभाग के अधिकारी एवं कर्मचारी किसानो को दिए लोन वसुली को लेकर गंभीर नही है। स्थिति यह है कि जिला सहकारी बैको एवं समितियों को किसानो से अभी 4 करोड 50 लाख रूपऐ से अधिक की राशि वसुल किया जाना है। इसे लेकर विभाग के अधिकारी कर्मचारी संबंधित अधिकारियो को निर्देश भी दे रहे है, ताकि किसानो से राशि की वसुली करके उसे जमा कराया जा सके। वही किसानो को भी समय पर राशि जमा करने कहा जाता है।

### जारी किए हैं निर्देश

समर्थन मूल्य पर करीब 61 लाख 67 हजार से अधिक क्विंटल धान की खरीदी की गई है। जिसमें से 58 लाख 45 हजार से अधिक क्विंटल धान का उठाव पूरा कर लिया गया है। समितियो में 3 लाख 22 हजार क्विंटल धान का उठाव बाकी है। धान उठाव को लेकर केन्द्र प्रभारियो को निर्देश जारी किया गया है।

-अमित साहू,
नोडल अफसर, जिला सहकारी बैंक जांजगीर

# हाइवा की चपेट में आकर युवक की गई जान

## जैजैपुर थाना क्षेत्र के अचानकपुर गांव की घटना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जैजैपुर



अस्पताल पहुंचे परिजन।

राखड़ डंप कर लौट रहे हाइवा की चपेट में आकर युवक की मौत हो गई। इस मामले को लेकर परिजनों ने मुआवजे की मांग की। घटना जैजैपुर थाना क्षेत्र के अचानकपुर गांव की है।

इस संबंध में जैजैपुर पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार घटना मंगलवारप 10 मार्च की दोपहर की है। ग्राम कशीगढ़ के आश्रित ग्राम अचानकपुर से राखड़ डंप कर लौट रहे हाईवा क्रमांक सीजी 11 बीके 9824 की चपेट में आने से दोपहर 3 बजे के लगभग जैजैपुर मुख्य मार्ग राइस मिल के समीप युवक निरंजन उरांव पिता दशो राम उरांव निवासी ग्राम बालपुर बेलपाली चन्द्रपुर थाना की मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई। बताया जाता है कि मृत युवक जैजैपुर थाना के ग्राम गुचकुलिया अपनी बहन चंपा उरांव के यहां छठी निमंत्रण में आया था वहां से मोबाइल रिपेयरिंग के नाम से जैजैपुर के लिए रवाना हुआ था और हाईवा के चपेट में आकर दम तोड़ दिया घटना के तुरंत बाद सूचना पर थाना प्रभारी चन्द्रा अपने स्टाफ के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। पुलिस के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, जहां परिक्षण उपरांत चिकित्सक ने उक्त युवक के मौत की पुष्टि की शव विच्छेदन पश्चात डेड बॉडी परिजनों को सौंप दी गई। मर्ग कायम कर मामले को विवेचना में ली गई है। वही परिजन मुआवजा की मांग को लेकर श्मशान घाट में देर शाम तक डटे रहे। थाना प्रभारी भूपेंद्र कुमार चन्द्रा ने मृतक के परिजनों को 25 हजार सहयोग राशि दी है।

## रेत का अवैध उत्खनन व परिवहन : तीन वाहन जब्त

■ चांपा के हनुमान धारा व पामगढ़ क्षेत्र के देवरघटा में हुई कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा।** रेत के अवैध उत्खनन व परिवहन मामले में कार्रवाई करते हुए 1 चैन माउंटे व 2 ट्रेक्टर को जब्त किया है। उक्त कार्रवाई खान एवं खनिज अधिनियम के तहत की गई है।

ज्ञात हो कि राजस्व एवं खनिज विभाग द्वारा संयुक्त कार्यवाही करते हुए तहसील चांपा के हनुमान धारा व तहसील पामगढ़ के ग्राम देवरघटा के क्षेत्र में जांच की गई। जिला खनिज अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान रेत उत्खनन में लगे हनुमान धारा चांपा में 1 चैन माउंटेन एवं देवरघटा घाट में अवैध रूप से रेत का परिवहन करते पाये जाने पर 2 ट्रैक्टर को जब्त किया गया। कलेक्टर के निर्देशानुसार जिले में खनिज के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण पर प्रभावी नियंत्रण हेतु जिला स्तरीय उड़नदस्ता दल द्वारा लगातार जांच कर कार्यवाही की जा रही है। खनिजो के अवैध उत्खनन, परिवहन, भण्डारण करने वालो के विरूद्ध खान एवं खनिज (विकास एवं विनियमन) अधिनियम 1957 की धारा 21 से 23 (ख) के तहत कार्यवाही की जाएगी। अफसरों का कहना है कि इस तरह की कार्रवाई आगे भी जारी रहेगी।

# पहली पत्नी के रहते की दूसरी शादी, पति समेत चार गिरफ्तार



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

पहली पत्नी के रहते दूसरा विवाह करने के मामले में पुलिस ने आरोपी पति समेत 4 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला मुलमुला थाना क्षेत्र का है।

इस संबंध में मुलमुला पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मुलमुला क्षेत्र की पीड़िता द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराई थी कि उसकी शादी 30 अप्रैल 2025 को दामोदर गोसाई निवासी तिफरा, बिलासपुर के साथ सामाजिक रीति-रिवाज से हुई थी। शादी के करीब एक माह तक सब कुछ ठीक रहा, लेकिन बाद में पति दामोदर गोसाई, सास दीपावली गोसाई, ससुर गुरुशरण गोसाई और देवर खेमन गोसाई द्वारा दहेज कम लाने की बात कहकर उसे शारीरिक और मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जाने लगा और मोटरसाइकिल एवं दो लाख रुपये की मांग किए जाने लगा। बाद में उसे मायके भेज दिया गया और दो लाख रुपये व मोटरसाइकिल देने पर ही वापस ले जाने की बात कही गई। प्रकरण की विवेचना दौरान यह भी सामने आया कि आरोपी पति दामोदर गोसाई की पहले से शादी हो चुकी है और पहली पत्नी के रहते ही उसने यह दूसरी शादी की थी, जिसकी जानकारी लड़की पक्ष को नहीं दी गई थी। पुलिस द्वारा दामोदर गोसाई, गुरुशरण गोसाई, दीपावली गोसाई और खेमन गोसाई सभी निवासी भैरव नगर तिफरा, थाना सिरगिट्टी को पकड़कर पूछताछ की गई। जुर्म स्वीकार किए जाने से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।

### चाकू लेकर लोगों को डराने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

**जांजगीर-चांपा।** चाकू लेकर लोगों को डराने के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मामला नैला चौकी का है। इस संबंध में मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार 10 मार्च को पुरानी रंजिश को लेकर रविंद्र कुमार सूर्यवंशी उम्र 22 वर्ष एवं देवराज कुमार सूर्यवंशी उम्र 20 वर्ष दोनो निवासी नैला द्वारा हथियार लेकर भयाक्रांत कर रहे थे। घटना की सूचना मिलते ही चौकी नैला पुलिस तत्काल मौके पर पहुंची और घेराबंदी कर दोनों आरोपियों को पकड़ लिया। पुलिस द्वारा आरोपियों के कब्जे से चाकू बरामद किया गया। मामले में आरोपियों के विरुद्ध आर्म्स एक्ट की धारा 25 एवं 27 के तहत अपराध पंजीबद्ध कर वैधानिक कार्यवाही की गई। इसके पश्चात दोनों आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया, जहां से उन्हें न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया है। उपरोक्त कार्यवाही में चौकी प्रभारी नैला भवानी सिंह चौहान एवं उनकी टीम का योगदान रहा।



एसडीएम को आवेदन सौंपकर रोक लगाने की मांग

# गढ़ के भीतर बना रहे एसआरएलएम सेंटर, लोगों ने किया विरोध

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़



एसडीएम को ज्ञापन सौंपने पहुंचे नगरवासी।

नगर पंचायत पामगढ़ में शहर के बीचो बीच स्थित ऐतिहासिक गढ़ के भीतर एसआरएलएम सेंटर बनाया जा रहा है, इसे लेकर नगरवासियों ने विरोध किया है। उन्होंने एसडीएम को लिखित में आवेदन देकर निर्माण कार्य पर रोक लगाने की मांग की है।

गौरतलब है कि पामगढ़ में शहर के बीचो-बीच स्थित ऐतिहासिक गढ़ के भीतर एस आर एल एम सेंटर (कचड़ा निपटान केंद्र) बनाने का नगर वासियों ने विरोध किया और इसके विरोध में सीएमओ नगर पंचायत पामगढ़ और एसडीएम पामगढ़ को ज्ञापन सौंपा। नगर वासियों के अनुसार नगर पंचायत परिषद पामगढ़ द्वारा पिछले दिनों गढ़ के भीतर कचरा निपटान केंद्र बनाने के लिए टेंडर जारी किया गया था जिसमें नगर वासियों ने मौखिक रूप से सीएमओ नगर पंचायत के समक्ष आपत्ति दर्ज कराया था कि पामगढ़ के भीतर स्थित कर ऐतिहासिक महत्व का स्थान है। इसके भीतर कचरा निपटान केंद्र ना बनाया जाए, लेकिन नगर पंचायत पामगढ़ द्वारा पिछले दिनों ही गढ़ के भीतर अन्य भूमि पर एसआरएलएम सेंटर का भूमि पूजन कर दिया गया था, इसके बाद मंगलवार 10 मार्च को दोपहर में लेआउट करने की प्रक्रिया इंजीनियर द्वारा की जा रही थी। नगर वासियों ने गढ़ के भीतर एसआरएलएम सेंटर न बनाये जाने के संबंध में सीएमओ नगर पंचायत पामगढ़ और अनुविभागीय अधिकारी पामगढ़ को ज्ञापन सौंपा है। ज्ञापन सौंपने वालों में शशीप्रताप टांडे, दिनेश थवाईत, देवेंद्र यादव, मनोज घोष सहित कई वार्डों के पार्षद सहित नगरवासी शामिल रहे।




हरिभूमि द्वारा विश्व महिला दिवस के अवसर पर
सामान्य ज्ञान प्रतियोगिता

CHOUKSEY GROUP OF COLLEGES
BILASPUR (C.G.)
B.TECH, M.TECH, MBA, PHARMACY, LAW, BAMS, DEGREE COURSES

प्रथम पुरस्कार वाशिंग मशीन
द्वितीय पुरस्कार इंडक्शन
तृतीय पुरस्कार मिक्सर ग्राइंडर
चतुर्थ पुरस्कार इलेक्ट्रीक आयरन
विशेष पुरस्कार 5 एवं अनेक सांत्वना पुरस्कार

1. भगवान महावीर जी की माता का क्या नाम था ? ............
2. भारत की प्रथम महिला सरोद वादक कौन थी ? ............
3. भारत की प्रथम महिला पायलट कारगिल युद्ध आपरेशन में भाग लिया ? ............
4. भारत की प्रथम महिला न्यूज रीडर कौन थी ? ............
5. मेयर बनने वाली प्रथम किन्नर कौन थी ? ............
6. रेल्वे बोर्ड में पहली महिला सदस्य का नाम ? ............
7. टेस्ट क्रिकेट में दोहरा शतक बनाने वाली प्रथम भारतीय महिला ? ............
8. भारतीय वायु सेना की प्रथम महिला एयर मार्शल ? ............
9. दिल्ली मेट्रो ट्रेन की प्रथम महिला आपरेटर ? ............
10. प्रथम महिला भारतीय लेफ्टिनेंट जनरल का नाम ? ............

छुपा है हर घर में हुनर
एरिना में उसे बनाएंगे और भी बुलंद
Join a Graduation Degree Program : B Voc in Animation (Hottest Career Option today)
Admissions Open For New Session
Call : 88188 00 890 / 88190 00 890
ARENA ANIMATION
AI SUMMER CAMP FOR KIDS Exclusively for Class 5th - 11th
Link Road, Bilaspur
3D - 2D Animation - Visual Fx - Gaming - Graphics Audio - Video Editing - Fashion - Interior Designing

New Town
Own it!
Off. Add. : 2nd Floor, KRISHNA Sanchhatra Compound, Shiv Talkies Square, Beside Jalaram Food Junction Bilaspur (C.G.)

नियम एवं शर्तें - 1. इस प्रतियोगिता में सिर्फ महिला पाठक ही भाग ले सकेंगी। 2.महिलाओं को अपना पासपोर्ट साइज फोटोग्राफ लगाना है । 3. बिलासपुर कार्यालय में प्रविष्ठि पहुंचाने की अंतिम तिथि 15 मार्च 2026 है। 4. ड्रॉ लाटरी पद्वति से निकाला जायेगा । 5. सभी प्रश्नों के सही उत्तर वाली प्रविष्टियों को ही ड्रॉ में शामिल किया जायेगा। 6. प्रतियोगिता से जुड़े किसी भी विषय पर हरिभूमि प्रबंधन का निर्णय अंतिम होगा । 7. विवाद की स्थिति में न्याय क्षेत्र बिलासपुर होगा । 8. उत्तर भेजने के लिए अखबार कटिंग का ही उपयोग करें, फोटोकापी मान्य नहीं होगी । 9. हरिभूमि परिवार के सदस्य इस प्रतियोगिता में भाग नहीं ले सकेंगे। 10. आप अपनी प्रविष्टि हरिभूमि के एजेंटों / संवाददाताओं / जिला कार्यालयों में भी जमा करा सकते है ।

विश्व महिला दिवस प्रविष्टि
नाम सुश्री / श्रीमती :- ............
पिता/पति का नाम :- ............
स्थाई पता :- ............
फोन/मो. नं. :- ............
शैक्षणिक योग्यता :- ............
फोटो यहां चिपकाएं

punjab national bank
...the name you can BANK upon !
pnb
call 1-800-2222 or 1-800-103-2222 Toll Free
www.pnbindia.in

LCIT GROUP OF INSTITUTIONS
ENGINEERING | MBA | PHARMACY | LAW
COMMERCE, ARTS & SCIENCE | SCHOOL
Campus: Near High Court, Raipur Road, Bilaspur
Mob. : 9522220113, 9516606123

## खबर संक्षेप

### तेंदुआ धाम में श्रीराम कथा का आयोजन 26 से



**जांजगीर-चांपा।** श्री राम नवमीं एवं हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर पर 26 मार्च से राम मिलेंगे आश्रम तेंदुआ धाम कुरियारी में श्रीराम कथा का आयोजन किया गया है। आयोजन का समापन 2 अप्रैल को होगा। इस दौरान जगत गुरु रामभद्राचार्य के कृपा पात्र डॉ. अशोक हरिवंश प्रतिदिन दोपहर 2.30 से शाम 6 बजे तक श्रीराम कथा का श्रवण कराएंगे। आयोजन के दौरान प्रतिदिन हनुमान चालीसा का परायण भी होगा। आयोजन को लेकर आश्रम परिवार द्वारा तैयारी शुरु कर दी गई है।

### विधानसभा में गूंजा वन्यजीवों के संरक्षण का मुद्दा



**जांजगीर-चांपा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के बजट सत्र में मंगलवार को वन्यजीवों के संरक्षण का मुद्दा गरमाया रहा। पामगढ़ से कांग्रेस विधायक शेषराज हरवंश ने सदन में आंकड़ों के साथ सरकार की घेराबंदी करते हुए वन विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर सवाल उठाए। उन्होंने सीधे तौर पर आरोप लगाया कि सरकार के मात्र 24 महीने के अल्प कार्यकाल में रिकॉर्ड संख्या में बाघों, हाथियों और अन्य वन्यजीवों की मौत यह स्पष्ट करती है कि वन विभाग अपने कानूनी कर्तव्यों का पालन करने में पूरी तरह विफल रहा है। सदन में प्रस्तुत तारांकित प्रश्न के माध्यम से विधायक हरवंश ने बताया कि दिसंबर 2023 से जनवरी 2026 के बीच प्रदेश में वन्यजीवों की मृत्यु की दर डराने वाली है। कुल 9 बाघ काल के गाल में समा गए। इनमें से 3 बाघों की मौत समय पर उचित चिकित्सा न मिलने के कारण हुई, वहीं 2 बाघों का अवैध शिकार बिजली के करंट से कर दिया गया। वहीं इस अवधि में कुल 38 हाथियों की मौत हुई, जिनमें से 13 हाथियों ने बिजली के अवैध करंट के कारण दम तोड़ा। अन्य प्रजातियों के 562 वन्य प्राणी अस्वाभाविक रूप से मृत पाए गए। वहीं उन्होंने हाथी मित्र दल' की भूमिका पर भी सवाल उठाए। विधायक शेषराज हरवंश ने ज वन्यजीवों के साथ-साथ अपने निर्वाचन क्षेत्र पामगढ़ की मूलभूत समस्याओं के समाधान के लिए याचिकाओं की प्रस्तुति भी की। उन्होंने प्रमुखता से निम्नलिखित मांगें रखीं, जिनमें पामगढ़ के महाविद्यालय में सेमीनार हॉल का निर्माण, ग्राम झिलमिली पहुंच मार्ग का निर्माण, पामगढ़ में विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के लिए नए भवन का निर्माण शामिल है।

### पचेड़ा में संत समागम का आयोजन 15 को

**जांजगीर-चांपा।** जोन 22 बी के अंतर्गत ग्राम पचेड़ा में रविवार 15 मार्च को सतगुरु माता सुदीक्षा के आशीर्वाद से संत समागम आयोजन की तैयारी की जा रही है। समागम का आयोजन जयपुर से महात्मा भूपराम शर्मा ज्ञान प्रचारक एवं बिलासपुर जोन 22 के महात्मा श्याम सुन्दर की हुजूरी में होगा। इस समागम मे बिलासपुर, चकरभाटा, कोरबा, जमनीपाली, गुरुदेवा, कटघोरा, पथलगांव, खमिया, ओड़ेकेरा, जैजैपुर, मधाईपुर, नावागढ़, अकलतरा, चाम्पा एवं जांजगीर ब्रांच के सभी भक्तगण शामिल होंगे। जांजगीर ब्रांच मुखी परस राम बजाज ने अधिक से अधिक संख्या में उपस्थिति की अपील की है। निरंकारी मिशन के द्वारा समय समय पर रक्तदान शिविर तथा रेलवे स्टेशन, जिला चिकित्सालय एवं तालाबों में सफाई अभियान चलाया जाता है। यह मिशन सिर्फ जन कल्याण के हित मे काम करता है ।

### कलेक्टर ने पीड़ित परिवार के सदस्य को कोटवार नियुक्ति के दिए निर्देश

**सक्ती।** मालखरौदा थाना अंतर्गत ग्राम गोरखापाली में ग्राम कोटवार रथराम गोंड को ग्राम के ही आनंदराम कुर्रे, सुकदेव कुसुमश कुर्रे द्वारा लकड़ी का बली व कांढ से प्राण घातक हमला कर दिया। इससे उसके सिर एवं पैर में गंभीर चोटें आई। गंभीर रुप से घायल कोटवार को परिजनों द्वारा प्राथमिक उपचार हेतु सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र सक्ती लाया गया, जहां डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसकी गंभीर स्थिति को देखते हुए बेहतर उपचार के लिए बिलासपुर रिफर किया गया। बिलासपुर में ईलाज के दौरान ग्राम कोटवार स्थराम गोड की मृत्यु हो गई। इस घटना से स्थराम गोड के परिवार में दहशत व भय व्याप्त है। जिला दण्डाधिकारी के द्वारा घटना की गंभीरता को दृष्टिगत रखते हुए घटना के निष्पक्ष जांच हेतु दण्डाधिकारी जांच का आदेश देते हुए विनय कश्यप डिप्टी कलेक्टर एवं अनुविभागीय अधिकारी (रा०) डभर को जांच अधिकारी नियुक्त किया गया है। कलेक्टर के निर्देशानुसार मृतक स्थराम गोड के मृत्योपरांत पीड़ित परिवार के निकटतम सदस्य को कोटवार के पद पर नियुक्ति की कार्यवाही की जा रही है। जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन की तत्परता, सूझबूझ, प्रशासनिक कुशलता के फलस्वरूप ही वर्तमान में ग्राम की स्थिति नियंत्रण में है।




फर्नीचर

आपके शहर जांजगीर में आदित्य प्लाई एंड हार्डवेयर में शादी-विवाह एवं अन्य शुभ अवसरों के लिए फैंसी फर्नीचर, स्टील अलमारी, पाटिकल अलमारी, डिलक्स अलमारी, ड्रेसिंग, सोफा, पलंग, दीवान, कुलर, काउंटर, मंदिर, टी टेबल, डायनिंग टेबल, ऑफिस फर्नीचर, होम फर्नीचर, स्टडी टेबल एवं अन्य आधुनिक फर्नीचर उचित मूल्य पर प्राप्त करें।

विशेष : (1) शादी-विवाह की खरीदी पर विशेष छूट
(1) मॉड्यूलर कीचन, बेडरूम, किड्स रूम, एलईडी स्टैंड डिजाईन एवं डेकोरेशन

आदित्य प्लाई एण्ड हार्डवेयर
नेता जी चौक के पास, लिंक रोड जांजगीर मो. 6260115021

पीएचसी पोंडी दल्हा में मनाया गया विश्व ग्लूकोमा सप्ताह, मरीजों को निशुल्क चश्मों का वितरण

# मोतियाबिंद के बाद अंधेपन का बड़ा कारण ग्लूकोमा, धीरे-धीरे कम होने लगती है रोशनी




मरीजों के आंखों की जांच करते चिकित्सक।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोंडी दल्हा में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम के तहत मरीजों को आंखों की गंभीर बीमारी ग्लूकोमा के प्रति जागरूक किया गया तथा जरूरतमंद मरीजों को निशुल्क चश्मों का वितरण किया गया।

मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनीता श्रीवास्तव, अंधत्व निवारण कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉ. पुष्पेंद्र लहरे तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. महेंद्र सोनी के निर्देश पर यह कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नेत्र सहायक अधिकारी प्रीतेश सिंह चंदेल ने उपस्थित लोगों को ग्लूकोमा बीमारी के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि मोतियाबिंद के बाद अंधेपन का दूसरा बड़ा कारण ग्लूकोमा है। इस बीमारी के शुरुआती लक्षण सामान्यतः स्पष्ट नहीं होते, लेकिन धीरे-धीरे आंखों की रोशनी कम होने लगती है और अगल-बगल देखने की क्षमता भी घट जाती है। इसके प्रमुख लक्षणों में आंखों का प्रेशर बढ़ना, प्रकाश के चारों ओर इंद्रधनुष जैसी आकृति दिखाई देना, सिर और आंखों में दर्द तथा चश्मे का नंबर बार-बार बदलना शामिल हैं। उन्होंने बताया कि मधुमेह, उच्च रक्तचाप, आंख में चोट या आंखों में सूजन जैसी समस्याओं से भी ग्लूकोमा होने का खतरा बढ़ जाता है। समय पर जांच, जागरूकता और नियमित नेत्र परीक्षण के माध्यम से इस बीमारी को दवाइयों या ऑपरेशन से नियंत्रित किया जा सकता है। कार्यक्रम के दौरान स्वास्थ्य केंद्र में आए मरीजों को निशुल्क चश्मों का वितरण भी किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पोंडी दल्हा की प्रभारी शारदा साहू, फार्मासिस्ट शैल कुमार सूर्यवंशी, संतोषी आजाद, मातेश्वरी कुर्रे, कौशल्या पाटले, प्रमोद कश्यप, मंजू सिंह, शांति बाई साहू सहित समस्त स्वास्थ्य केंद्र का स्टाफ उपस्थित रहा।

### निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का 150 लोगों ने उठाया लाभ

**अकलतरा।** श्री ऋषभ विद्योदय महाविद्यालय एवं श्री ऋषभ औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान बनाहिल में राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई के तत्वावधान में विश्व ग्लूकोमा सप्ताह के अवसर पर निःशुल्क नेत्र परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर में महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं के साथ आसपास के ग्रामीणों ने भी बड़ी संख्या में भाग लेकर अपनी आंखों की जांच कराई। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं पुष्प अर्पण के साथ हुई। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक डॉ. जे.के. जैन, प्राचार्य डॉ. शिखा सिंह एवं संस्था सचिव अंकित जैन उपस्थित रहे और उन्होंने कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी को नेत्र स्वास्थ्य के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया।शिविर में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अकलतरा से द्वासराम भारते, प्रीतेश चंदेल, सत्यजीत कुर्रे और बबिता पाटले (नेत्र सहायक अधिकारी) की टीम ने उपस्थित लोगों की आंखों की जांच की। उन्होंने छात्र-छात्राओं एवं ग्रामीणों को ग्लूकोमा, मोतियाबिंद सहित आंखों से संबंधित विभिन्न बीमारियों के बारे में विस्तार से जानकारी दी। विशेषज्ञों ने बताया कि ग्लूकोमा एक गंभीर बीमारी है, जो समय पर पहचान और उपचार न मिलने पर दृष्टि को स्थायी नुकसान पहुंचा सकती है, इसलिए नियमित नेत्र जांच बेहद आवश्यक है।"विश्व है प्रकाशमान, रहे आपकी दृष्टि प्रकाशवान" संकल्प के साथ आयोजित इस शिविर में लगभग 150 लोगों ने निःशुल्क नेत्र परीक्षण कराया। शिविर के दौरान मरीजों को जांच के साथ-साथ परामर्श और आवश्यक दवाएं भी निःशुल्क प्रदान की गईं।कार्यक्रम में डॉ. प्रतिमा रानी द्विवेदी, ओमप्रकाश सोनी, अरविंद कुमार, संजीव चौहान, श्वेता सिंह चंदेल, दुर्गा टंडन, संध्या सिंह, कमलकांत साहू, नवीन आदित्य, नगेंद्र कुमार जांगड़े, अनुज जैन, राहुल राठौर, अर्जुन दास मोहले, संजना भास्कर, सहित राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक, एनसीसी कैडेट और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।





## राजस्व शिविर में प्राप्त आवेदनों का मौके पर किया गया निराकरण

हरिभूमि न्यूज ⏭ पामगढ़

- गांव गांव में किया जा रहा राजस्व शिविर का आयोजन

लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण के लिए जिला प्रशासन द्वारा राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जा रहा है । इसी क्रम में पामगढ़ अनुभाग अंतर्गत विभिन्न ग्राम पंचायतों में शिविर का आयोजन किया गया। शिवि में प्राप्त सभी आवेदन पत्रों का तत्काल मौके पर निराकरण किया गया।

कलेक्टर जन्मेजय महोबे के आदेश पर जिले में जन समस्याओं तथा लंबित राजस्व प्रकरणों के निराकरण हेतु राजस्व पखवाड़ा का आयोजन किया जाना है । उक्त परिपेक्ष्य में अनुभाग पामगढ़ अंतर्गत 9 मार्च को अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर के तंबोली के मार्गदर्शन में ग्राम पंचायत मुलमुला एवं ग्राम पंचायत धरदेई में राजस्व शिविर का आयोजन किया गया। इस राजस्व शिविर में ग्राम पंचायत मुलमुला अंतर्गत 1 नामांतरण , 1 खाता विभाजन , 1 सीमांकन , 1 फौती नामांतरण , 2 नक्शा बटांकन , 1 ऋणपुस्तिका कुल 10 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है तथा ग्राम पंचायत धरदेई अंतर्गत 2 आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। सभी आवेदन पत्रों का तत्काल निराकरण कर दिया गया। 10 मार्च को ग्राम पंचायत धनगांव में 1 फौती नामांतरण एवं अन्य 5 सभी आवेदनों का निराकरण कर दिया गया है। ग्राम पंचायत भैसों में 2 खाता विभाजन, 1 फौती नामांतरण 3 नक्शा बटांकन कुल 27 आवेदन प्राप्त हुए है जिसमें से 12 आवेदनों का तत्काल निराकरण किया गया। जन समस्या निवारण शिविर में प्राप्त सभी आवेदनों का मौके पर तत्काल निराकरण तहसीलदार,नायब तहसीलदार एवं पटवारियों के माध्यम से किया जा रहा है। कलेक्टर के निर्देश पर अवैध रेत परिवहन के संबंध में अनुविभागीय अधिकारी राजस्व आर के तंबोली द्वारा 10 मार्च को ग्राम तनौद, देवरघटा, कमरीद एवं खोरसी रेत घाट का औचक निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान अवैध रेत परिवहन करते हुए 2 ट्रेक्टर के उपर कार्यवाही किया गया। कार्यवाही कर थाना प्रभारी के सुपुर्द किया गया।

## आज की नारी किसी से कम नहीं, हर क्षेत्र में निभा रही महत्वपूर्ण भूमिका



कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथिगण।

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस पर विशेष कार्यक्रम आयोजित

अघोर विद्यापीठ पोड़ी दल्हा में 8 मार्च को अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर "साक्षर नारी – समर्थ समाज" थीम पर विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में नगर पालिका अध्यक्ष श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी उपस्थित रहीं। वहीं विशेष अतिथि के रूप में सुश्री निहारिका त्रिपाठी (प्रेसिडेंट, कैट वूमेन विंग), अजीत शुक्ला (संचालक, ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल बिलासपुर), डॉ. पूर्वा तिवारी (प्राचार्या, ग्लोबल विजडम पब्लिक स्कूल बिलासपुर) तथा डॉ. मंजू राठौर (स्वास्थ्य प्रभारी) शामिल हुए। विशिष्ट अतिथि के रूप में समाज सेविका श्रीमती रंजना सिंह और श्रीमती सीता टंडन उपस्थित थे। मुख्य अतिथि श्रीमती दीप्ति रोहित सारथी ने अपने उद्बोधन में कहा कि आज की नारी किसी से कम नहीं है। वह परिवार से लेकर समाज और राष्ट्र के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है, इसलिए समाज में महिलाओं को सम्मान और समान अवसर मिलना आवश्यक है। वहीं डॉ. पूर्वा तिवारी ने कहा कि महिलाओं के सम्मान में अघोर विद्यापीठ में इस प्रकार का कार्यक्रम आयोजित किया जाना अत्यंत सराहनीय है, जो समाज को सकारात्मक और ज्ञानवर्धक संदेश देता है। उन्होंने कहा कि आज महिलाएं आत्मनिर्भर बनकर समाज में अपनी अलग पहचान स्थापित कर रही हैं।कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की ओर से विद्यार्थियों की माताओं को विशेष रूप से आमंत्रित कर अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर सम्मानित किया गया। इस पहल का उद्देश्य समाज में नारी की महत्वपूर्ण भूमिका और शिक्षा के महत्व को रेखांकित करना था।अंत में प्राचार्या श्रीमती अंजली दुबे ने कार्यक्रम को सफल बनाने में सहयोग देने वाले सभी अतिथियों, अभिभावकों एवं उपस्थित जनों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

## अनुशासित तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन कर सफलता करें अर्जित

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

- गुरुकुल स्कूल के विशिष्ट प्रतिभाशाली छात्र छात्राओं को गुरुकुल स्कालर अवार्ड देकर किया गया सम्मानित




प्रमाण पत्र के साथ उपस्थित छात्र-छात्राएं एवं स्कूल स्टाफ।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में उत्कृष्टत प्रदर्शन कर अपनी अलग पहचान बनाने वाले बालक – बालिकाओं का सम्मान शनिवार 7 मार्च को किया गया।

कार्यक्रम में स्कूल प्रबंधन के सचिव दीपक कुमार राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल, डायरेक्टर श्रीमती अनुश्री राठौर, श्रीमती चंचल अग्रवाल के द्वारा प्रशस्ति पत्र, मैडल एवं शील्ड प्रदान किया गया। कक्षा प्ले ग्रुप, नर्सरी, केजी-1, केजी-2 तथा कक्षा पहली से आठवीं तक के प्रतिभाशाली छात्र-छात्राओं को उनकी विशिष्ट दक्षता एवं विशेषज्ञता के अनुसार गुरुकुल स्कालर अवार्ड देकर सम्मानित किया गया। इन सम्मानित छात्र छात्राओं को उनकी खूबियों के अनुरूप सम्मान से नवाजा गया जिसमें स्टार इंग्लिश स्पीकर अवार्ड, बेस्ट इंग्लिश राईटर अवार्ड, स्टार हिंदी स्पीकर अवार्ड, बेस्ट हिंदी राईटर अवार्ड, नॉलेज एक्सप्लोरर अवार्ड, मैथमेटिकल जीनियस अवार्ड, लिटिल एवं यंग साइंटिस्ट अवार्ड, बेस्ट स्पोर्ट पर्सन अवार्ड, परफेक्ट स्टूडेंट्स अवार्ड, स्टार आफ द क्लास अवार्ड, मैग्जिमम अटेंडेंस अवार्ड, इम्पेकेबल एपिरेंस अवार्ड, क्रिटिकल थिंकर अवार्ड, राइजिंग स्टार अवार्ड, वोकैबलरी एक्सप्लोरर अवार्ड, बेस्ट इंग्लिश ओरेटर अवार्ड, बेस्ट हिंदी ओरेटर अवार्ड, द नॉलेज एक्सप्लोरर अवार्ड, द यंग साइंटिस्ट अवार्ड, बेस्ट स्पोर्ट पर्सन अवार्ड, बेस्ट क्रिएटिव अवार्ड, अप टू डेट अवार्ड, डीवाईन एक्स्प्रेसन अवार्ड, रिदम राक स्टार अवार्ड, विशिष्ट खेल रत्न अवार्ड सम्मिलित था। सचिव दीपक कुमार राठौर ने कहा कि प्रत्येक बालक बालिका ईश्वर के वरदान हैं। आप सभी अपनी क्षमता को कमतर नहीं आंके बल्कि आप में अद्भुत क्षमता और संभावनाएं निहित है। जिसकी अनुभूति ही ज्ञान है। अतः अपने गुरुजनों एवं माता-पिता के निर्देशन में अनुशासित तरीके से अपने कर्तव्यों का निर्वहन करें, सफलता सुनिश्चित है। कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल ने कहा कि इन छोटे-छोटे बच्चों की जुबानी उनकी भविष्य की कहानी बयां करती है। शिक्षक शिक्षिकाओं के मार्गदर्शन में चित्रकारी, लेखन कला, पठन एवं वाचन, विभिन्न खेलों का प्रदर्शन, कविता वाचन, तथा संवाद प्रस्तुतीकरण उनकी प्रतिभा को उजागर करता है। डायरेक्टर श्रीमती अनुश्री राठौर एवं श्रीमती चंचल अग्रवाल ने बच्चों को आशीर्वाद देते हुए उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम को प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा ने भी संबोधित किया। प्रतिभावान छात्र-छात्राओं को पुरस्कृत और सम्मानित करने हेतु स्कूल प्रबंधन के अध्यक्ष राजेश अग्रवाल, उपाध्यक्ष सतीश कुमार अग्रवाल, सचिव दीपक राठौर, कोषाध्यक्ष विजय कुमार अग्रवाल और निदेशक पुष्कर अग्रवाल, विकास अग्रवाल, निखिल अग्रवाल, आयुष अग्रवाल, श्रीमती अनुश्री राठौर, तनिष अग्रवाल, प्राचार्य संतोष कुमार शर्मा, प्रशासक विपिन गुप्ता ने सभी शिक्षक शिक्षिकाओं एवं विद्यार्थियों को शुभकामनाएं प्रेषित किए।

### आकस्मिक मृत्यु के प्रकरण में 4 लाख रुपए की आर्थिक सहायता राशि स्वीकृत

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों तथा दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि की स्वीकृति दी गई है। राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग से प्राप्त जानकारी अनुसार सक्ती जिले के तहसील मालखरौदा अंतर्गत ग्राम सिंघरा निवासी मृतक स्व. श्रीमती जानकी बाई को गड्ढे के पानी में डूबने के कारण मृत्यु होने से निकटतम वारिस मृतक के पुत्र शशि भूषण पिता स्व. रामाधार को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रूपये भुगतान किए जाने की स्वीकृति निर्धारित शर्तों के अधीन प्रदान की गई है।

## परिवार, समाज एवं राष्ट्र निर्माण में सतत योगदान दे रही महिलाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ चांपा

- केशरवानी महिला समिति के सदस्यों ने मनाया अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस




कार्यक्रम में उपस्थित केशरवानी महिला समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य।

केशरवानी महिला समिति चांपा के सदस्यों ने हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी हर्षोल्लास के साथ अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस केशरवानी महिला समिति चांपा की अध्यक्ष श्रीमती शांता महेंद्र गुप्ता के निवास स्थान पर मनाया गया।

रंग पंचमी की अवसर पर आयोजित अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस कार्यक्रम की शुभारंभ भगवान भोलेनाथ की पूजा अर्चना कर महर्षि कश्यप की पूजा अर्चना कर किया गया। इस अवसर पर समिति के अध्यक्ष श्रीमती शांता गुप्ता ने उपस्थित सभी महिलाओं को रंग पंचमी और अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस की बधाई दी और कहा की नारी नर और नारायण तक को जन्म देने वाली वाली जननी है। ईश्वर ने नारी को कुछ विशेष शक्तियां प्रदान की है जैसे करुणा दया,स्नेह, प्रेम साहस और कठिन परिस्थितियों से निपटने की अपारशक्ति सहनशीलता आदि जिनको पूरी जिंदगी निभाती है। नई मां बहन बेटी के साथ ही पत्नी के रूप में पति की अर्धांगिनी अच्छी सलाहकार अच्छी दोस्त बनकर हर परिस्थिति में साथ निभाती है। हर रूप में वह पुरुष के साथ कंधे से कंधा मिलाकर सहयोगी बनकर परिवार,समाज, एवं राष्ट्र के निर्माण में सतत योगदान देती रहती है जब कभी कई तरह की चुनौतियां सामने आ जाती हैं और उनके आत्मसम्मान को चोट पहुंचती है तब वह नारी केवल अपने लिए नहीं लड़ती, बल्कि उन तमाम महिलाओं के लिए भी प्रेरणा बन जाती है जो अपने लिए आवाज नहीं उठा पाती उसे नारी की साहस और संघर्ष यह संदेश देता है की नारी,कमजोर नहीं है बल्कि समाज की वह बड़ी शक्ति है जो सत्य का दामन पड़कर सच्चाई के लिए जंग लड़ सकती है। श्रीमती, रेखा, तृप्ति, सरला, चंदा, सुशीला,मीनू, मधुलिका, और क्षमा केसरवानी ने भी महिला दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए सभी ने रंग पंचमी के उपलक्ष में एक दूसरे को गुलाल लगाकर एक दूसरे का सम्मान करते हुए बधाई दी। उपस्थित सभी सदस्यों ने गीत, डांस, कर अपने विचार व्यक्त कर अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस की खुशी मनाई। कार्यक्रम में श्रीमती शांता गुप्ता अध्यक्ष, सचिव रेखा केसरवानी, मधुलिका केसरवानी, क्षमा केशरवानी, तृप्ति केशरवानी, शीला गुप्ता ,सरला केशरवानी, चंदा केशरवानी, त्रिवेणी गुप्ता, सुशीला बानी, प्रीति गुप्ता सुगम गुप्ता, सुशीला गुप्ता,मीनू गुप्ता, पूर्णिमा गुप्ता, कुमारी बाई केसरवानी,ज्ञानेश्वरी, गुप्ता, आभा केशरवानी, रंजना गुप्ता,लक्षिता, दिव्या, नव्या, मिष्ठी, मिल्की, आदि के अलावा समाज की महिलाएं शामिल हुईं।

**प्ररूप-(एक)**
**समाचार प्रपत्र में प्रकाशित की जाने वाली सूचना**

मैं दिनेश भारती गोस्वामी (पुराना नाम जिसे बदला जाना है) सुपुत्र नारायण भारती गांव/शहर पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छत्तीसगढ़ ने अपना नाम दिनेश भारती गोस्वामी (पुराना नाम) से बदलकर दिनेश भारती (नया नाम) रख लिया है।

दिनांक 10/3/2026

दिनेश भारती गोस्वामी
(हस्ताक्षर पुराने नाम से)

**कार्यालय तहसीलदार पामगढ़, जिला जांजगीर-चांपा (छ.ग.)**
**// ईश्तहार //**

क्रमांक // तह./वा./26
पामगढ़, दिनांक 25.02.2026
रा.प्र.क्र 202602063100294/स-132
ग्राम-पामगढ़ प.ह.नं.

एतद् द्वारा सर्व साधारण आम जनता आवेदक कैलाश दास पिता परदेशी दास जाति मानिकपूरी ग्राम पामगढ़ थाना पामगढ़ तहसील पामगढ़ जिला जांजगीर चांपा छ.ग. ने आवेदन पत्र एवं शपथ पत्र पेश कर निवेंदन किया है की आवेदक अपने पिता परदेशी दास पिता जोधवा दास का मृत्यु दिनांक 22-11-2025 को ग्राम पामगढ़ पर हुआ है जिसका भूलवश पंजीयन ग्राम पामगढ़ में नहीं करा पाने के कारण मृत्यु पंजीयन दर्ज कर प्रमाण पत्र का मांग किया है जिसका प्रकरण इस न्यायालय में विचाराधिन है।

अतः जिस किसी भी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो वे स्वत या अपने अधिवक्ता के माध्यम से उपस्थित होकर सुनवाई दिनांक 13-03-2026 को दावा अपत्ति पेश कर सकते है।

आज दिनांक 25.02.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर से जारी किया गया।

तहसीलदार
पामगढ़
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

### आरएएमपी योजना के अंतर्गत उद्योग-बैंकर्स मीट का आयोजन आज

**सक्ती।** गिरिराज रेन बसेरा में 11 मार्च को दोपहर 12 बजे से उद्योग-बैंकर्स मीट का आयोजन किया जा रहा है। कार्यक्रम का आयोजन आरएएमपी योजना के अंतर्गत एमएसएमई इकाइयों के लिए वित्तीय सहयोग एवं बैंकिंग सुविधाओं तक पहुंच सुनिश्चित करने के उद्देश्य से कार्यालय महाप्रबंधक, जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र सक्ती द्वारा 11 मार्च को दोपहर 12 बजे गिरिराज रेन बसेरा, स्टेशन रोड सक्ती में "उद्योग-बैंकर्स मीट" का आयोजन किया जा रहा है। जिले के उद्योगपतियों से उक्त आयोजन में उपस्थित होने का आग्रह किया गया है।





# दर्शील की नई फिल्म में एंट्री, साथ नजर आएंगे मोहित और प्रियामणि

**मुंबई।** आमिर खान की फिल्म 'तारे जमीन पर' में एक बाल कलाकार के रूप में काम कर चुके दर्शील सफारी को नई फिल्म मिल गई है। इस फिल्म में दर्शील के साथ मोहित रैना और प्रियमणि नजर आएंगे। यह फिल्म भारत और हॉलीवुड के बीच सहयोग की एक बड़ी मिसाल है। यह फिल्म पहचान, परिवार और संस्कृति जैसे विषयों पर आधारित हो सकती है। 'तारे जमीन पर' से मशहूर हुए दर्शील सफारी अपनी नई फिल्म में एक बहुत महत्वपूर्ण और भावुक भूमिका निभाएंगे। कथित तौर पर दर्शील के लिए यह भूमिका निभाना उनके करियर के लिए बहुत खास होगी। दर्शील का किरदार फिल्म में भारत और विदेश के बीच भावनाओं का पुल बनेगा।

## लाइफ Style

# एलनाज

## आजादी को हल्के में नहीं लेना चाहिए

एजेंसी ▶▶ मुंबई

मस्ती 4 और जुग जुग जीयो एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी ने ईरान में महिलाओं की हालात पर बात की। उन्होंने भारत की तारीफ करते हुए कहा- भारत में आप चाहें तो बुर्का पहन सकती हैं, लेकिन आप चाहें तो सड़क पर शॉर्ट्स भी पहन सकती हैं, लेकिन ईरान में आपको सरकार के खिलाफ बोलने की अनुमति नहीं है, सरकार आपको मार डालेगी।

ईरान में महिलाओं की 95% साक्षरता के बावजूद वे कड़े इस्लामी कानूनों के कारण सामाजिक-कानूनी पाबंदियों का सामना करती हैं। एक्ट्रेस एलनाज ने कहा है कि जिन देशों में बोलने की स्वतंत्रता है, वहां रहने वाली महिलाओं को इसके साथ आने वाली ज़िम्मेदारी को पहचानना चाहिए। उन्होंने कहा कि इस आजादी को हल्के में नहीं लेना चाहिए। एलनाज ने कहा, 'मुझे लगता है कि आजकल एक महिला के रूप में सबसे जरूरी ये है कि हम ऐसे समय में जी रहे हैं जहां अधिकांश देशों में और विशेष रूप से जिस देश में हम अभी रह रहे हैं, वहां हमें अपनी बात कहने का अधिकार है। हम अपनी आवाज़ का इस्तेमाल कर सकते हैं, और इसे हमें हल्के में नहीं लेना चाहिए।' उन्होंने कहा, 'बरसों से और आज भी कई देशों में, महिलाएं अपनी बात रखने और अपने विचारों को व्यक्त करने के लिए स्ट्रगल कर रही हैं। इसलिए जब आप भारत जैसे देश में रहते हैं जहां बोलने की स्वतंत्रता है और महिलाओं को अपने विचार और इच्छाएं व्यक्त करने की अनुमति है, तो आपको निडर होकर इस अवसर का लाभ उठाकर बेहतर बदलाव लाना चाहिए।' यहां बता दें कि एलनाज लगातार अपने देश ईरान के हालात पर बोलती रही हैं जिसके कारण उन्हें अक्सर आलोचना और विरोध का सामना करना पड़ता है।



## हॉलीवुड मसाला



# इंडिया टूर में जुड़ा एक और शो

**लॉस एंजिल्स।** पॉप क्वीन शकीरा ने अपने फैंस का उत्साह बढ़ा दिया है। अगले महीने भारत टूर पर आ रही हैं। सुपरस्टार ने मुंबई में अपने दूसरे शो का ऐलान करके फैंस को तोहफा दिया है। शकीरा का मुंबई में दूसरा शो करने की बात तब सामने आई जब यूजर्स ने डिस्ट्रिक्ट ऐप पर एक और शो लिस्टेड देखा। शो के टिकटों की बिक्री अभी प्लेटफॉर्म पर शुरू नहीं हुई है। दूसरे शो के लिए टिकट बुकिंग कब शुरू होगी, इस बारे में कोई अपडेट नहीं है। यह कदम तब उठाया गया जब ऑर्गनाइजर ने टिकटों की ज्यादा डिमांड देखी।



# घोस्टबस्टर्स और अप द क्रीक में आईं नजर

**लॉस एंजिल्स।** 'घोस्टबस्टर्स' जैसी फिल्मों और टीवी सिटकॉम 'चार्ल्स इन चार्ज' में अपनी भूमिकाओं के लिए जानी जाने वाली अभिनेत्री जेनिफर रन्योन का 65 वर्ष की आयु में निधन हो गया है। उनकी करीबी दोस्त और अभिनेत्री एरिन मर्फी ने फेसबुक पर एक भावुक पोस्ट में यह खबर साझा की। एरिन ने लिखा कि जेनिफर एक बहुत खास महिला थीं और कुछ लोगों से मिलते ही दोस्ती हो जाती है। वे उन्हें बहुत याद करेंगी और उनके परिवार और बच्चों के लिए संवेदना जताई। जेनिफर का जन्म 1 अप्रैल 1960 को शिकागो में हुआ था। उन्होंने 1980 के दशक में अभिनय शुरू किया। उनकी पहली बड़ी फिल्म 'टू ऑल अ गुड नाइट' थी। 1984 में वे 'घोस्टबस्टर्स' और 'अप द क्रीक' में नजर आईं। उसी साल उन्होंने 'चार्ल्स इन चार्ज' के पहले सीजन में ग्वेंडोलिन पियर्स का रोल किया।



# आलिया-शर्वरी और बॉबी का दिखेगा एक्शन

**मुंबई।** यश राज की स्पाई यूनिवर्स की मोस्ट अवेटेड फिल्म 'अल्फा' की रिलीज डेट का ऐलान हो गया है। ये मूवी 10 जुलाई को थिएटर्स में दस्तक देगी, जिसमें आलिया भट्ट, अनिल कपूर, शर्वरी वाघ और बॉबी देओल होंगे। 2024 में इस फिल्म का ऐलान किया गया था, जिससे फैंस बेहद एक्साइटेड हो गए थे। साथ ही 2025 में रिलीज भी होने वाली थी। लेकिन, पोस्टपोन हो गई। मगर अब सिनेमाघरों में दस्तक देने जा रही है। 'अल्फा' को लेकर पहले ये भी चर्चा थी कि इसे सीधे ओटीटी पर रिलीज किया जाएगा, लेकिन मेकर्स इसके लिए राजी नहीं हुए। उन्होंने नेटफिल्क्स के साथ 215 करोड़ रुपए की डील भी ठुकरा दी थी। उनका कहना था कि वह इसे थिएटर्स में ही उतारेंगे। इस फिल्म में आलिया भट्ट और शर्वरी वाघ लीड रोल में नजर आएंगी।



# वेलकम-4 में अनिल व नाना की वापसी

**मुंबई।** मजनू भाई और उदय शेट्टी के फैंस का चहकना तो बनता है। 'वेलकम टू द जंगल' में ये दो फेवरेट किरदारों के नहीं दिखने से निराश हैं, तो आपके लिए खुशखबरी है। मेकर्स 'वेलकम 4' की तैयारी में जुट गए हैं और इसमें नाना पाटेकर और अनिल कपूर की वापसी हो रही है। परेश रावल ने इसे कंफर्म किया है। अहमद खान के डायरेक्शन में बनी फ्रेंचाइज की तीसरी फिल्म 'वेलकम टू द जंगल' इसी साल 26 जून को सिनेमाघरों में रिलीज होने वाली है, वहीं प्रोड्यूसर फिरोज नाडियाडवाला ने चौथे पार्ट पर काम शुरू कर दिया है। खास बात ये है कि इस चौथे पार्ट में फ्रेंचाइज के दो सबसे पॉपुलर एक्टर अनिल कपूर और नाना पाटेकर की वापसी होगी। ये दोनों जहां 'वेलकम टू द जंगल' का हिस्सा नहीं हैं।

## टीवी मसाला



# मनोज के दावे पर रवि का पलटवार कपिल के शो पर हुए सवाल-जवाब

**नई दिल्ली।** द ग्रेट इंडियन कपिल शर्मा शो का सीजन 4 इस समय ओटीटी पर दर्शकों का मनोरंजन कर रहा है। हर हफ्ते शो में नए गेस्ट आते हैं। इस पर शो की रौनत बढ़ाने आए मलाइका अरोड़ा, रवि किशन और ओरी नजर आए। मनोज तिवारी और रवि किशन को अक्सर उनके आपसी मजाक के लिए जाना जाता है। दोनों अक्सर एक-दूसरे की टांग खिंचाई किया करते हैं। लेटेस्ट एपिसोड में मनोज तिवारी और रवि किशन के लव हेट रिलेशनशिप में और घी डालने का काम करते हुए कपिल शर्मा ने रवि को एक वीडियो दिखाया। इस वीडियो में मनोज तिवारी दावा कर रहे थे कि रवि किशन को वो पॉलिटिक्स में लेकर आए। रवि किशन पहले तो चुपचाप वीडियो देखते रहे, फिर मजाक में बोले, 'ये वो लोग हैं जो गांवों में भजन गाया करते थे। भगवान की कृपा से मेरी पहली फिल्म 'सैयां हमार' थी। फिर ये लोग आए। ये मुश्किल से चल पाते थे, हर कदम पर लड़खड़ाते थे। इनको चलना हमने सिखाया, ब्लैक कॉफी पीना हमने सिखाया।' रवि किशन बोले, 'ये आदमी मनोज बाबू, मनोज तिवारी, ये सब मेरे जूनियर हैं। हम फिल्म 'कन्यादान' की शूटिंग कर रहे थे। मनोज, क्या तुमको याद है बनारस घाट पर मेरे साथ 'कन्यादान' की शूटिंग? सर्दी का मौसम था। तुमने पहली बार इतना बड़ा फिल्म कैमरा देखा था। तुमने 35mm कैमरे को देखकर कहा कि यह तो बहुत बड़ा कैमरा है। मैं वही आदमी हूं, जिसने तुमको मुंबई घुमाया, संसद में बोलना सिखाया। वरना आपके पैर कांपने लगते। मैंने ही आपके कांपते पैरों को सहारा दिया था। मैंने ही आपको शब्दों का सही इस्तेमाल करना सिखाया था। इतना सब होने के बाद भी आप मेरी पीठ पीछे ऐसी बातें करते हैं।' ये सुनते ही ऑडियंस से लेकर हर कोई ठहाके मारकर हंसने लगे। शो की शुरुआत कपिल शर्मा और सुनील ग्रोवर की कव्वाली से होती है। इसमें नवजोत सिंह सिद्धू और अर्चना पूरन सिंह जज के तौर पर नजर आते हैं।

## अनुराग के सुसाइड की कोशिश पर भड़के रजत



**नई दिल्ली।** बिग बॉस फेम यूके07 राइडर उर्फ अनुराग डोभाल सुर्खियां बटोर रहे हैं। पहले अनुराग ने एक वीडियो शेयर करते हुए अपने परिवार पर गंभीर आरोप लगाया था और बताया था कि उनकी पत्नी भी उन्हें छोड़कर चली गई है। इसके बाद बीती रात को इंस्टाग्राम लाइव पर अनुराग डोभाल ने सुसाइड करने की कोशिश की। उनकी गाड़ी डिवाइडर पर भिड़ गई। अनुराग अभी ठीक हैं और अस्पताल में भर्ती हैं। हाल ही में अनुराग डोभाल के सपोर्ट में कई टीवी सेलेब्स आकर खड़े हो गए। वहीं, रजत दलाल ने यूट्यूबर के इस कदम की निंदा की है। रजत ने हिंट दिया है कि वह पिता बनने वाले हैं और उनका पहला बच्चा इस दुनिया में आने वाला है और वह इस तरह की हरकत कर रहे हैं। रजत दलाल ने इंस्टाग्राम पर लाइव आकर अनुराग डोभाल की हरकत की निंदा की। उन्होंने कहा, इतना कौन सा इंसान टूट जाता है कि अपनी जिंदगी खत्म करने चला जाता है?

# कार्तिक इच्छाधारी नाग बनकर बड़े पर्दे पर मचाएंगे धमाल...


**मुंबई।** तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी के बाद कार्तिक नागजिला में नजर आने वाले हैं। फिल्म के सेट से पहली तस्वीर सामने आई है। पहले कहा जा रहा था कि 'तू मेरी मैं तेरा मैं तेरा तू मेरी' की असफलता के बाद कार्तिक का नागजिला से पत्ता साफ हो गया है, लेकिन यह सभी खबरें महज अफवाह साबित हुईं। कार्तिक आर्यन ने नागजिला के सेट से तस्वीर शेयर करते हुए यह साबित कर दिया है कि वह अपनी आगामी फिल्म के लिए जोर-शोर से तैयारी कर रहे हैं। एक्टर ने रविवार को अपनी इंस्टाग्राम स्टोरी पर सेट से एक तस्वीर शेयर की है। नागजिला के शानदार की झलक दिखाते हुए कार्तिक आर्यन ने कैप्शन में लिखा, "नागजिला सेट तैयार। धमाल मचा दो टीम इंडिया।" इस तस्वीर से साफ है कि एक्टर नागजिला की तैयारियों में जुट गए हैं। कार्तिक आर्यन की फिल्म नागजिला का निर्माण करण जौहर कर रहे हैं, जबकि निर्देशन मृगदीप सिंह लांबा कर रहे हैं। यह फिल्म इसी साल 14 अगस्त को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।




अभी तक सिर्फ फिल्म का ग्राफिक वीडियो सामने आया है। फैंस एक्टर के इच्छाधारी नाग लुक की तस्वीर देखने के लिए बेताब हैं। फिल्म की कहानी नाग लोक के पहले कांड के इर्द-गिर्द घूमेगी। नागजिला के अलावा कार्तिक आर्यन एक और फिल्म में नजर आएंगे जो रोमांटिक थ्रिलर होगी। इस फिल्म में वह साउथ एक्ट्रेस श्रीलीला के साथ नजर आएंगे जिसका निर्देशन अनुराग बसु कर रहे हैं। इस फिल्म का टाइटल 'तू मेरी जिंदगी है' है। फिलहाल, अभी इसकी रिलीज डेट का ऐलान नहीं किया गया है। इसके अलावा वह कैप्टन इंडिया में भी दिखाई देंगे। यह फिल्म पहले डिब्बाबंद हो गई थी, लेकिन अब खबर है कि इस पर काम फिर से शुरू हो रहा है।

# अमिताभ ने बताया, उनके किस टोटके से इंडिया ने जीता टी-20 वर्ल्डकप का खिताब

**मुंबई।** अमिताभ बच्चन मैच को लेकर अंधविश्वासी हैं। टी-20 वर्ल्डकप में भी उन्होंने एक त्याग किया था जिसे वह टोटका मानते हैं। यहां जानें क्या-क्या चीजें हैं जो मैच के दौरान उन्हें चिंता में डाल देती हैं। टी-20 वर्ल्ड कप जीतने पर बॉलीवुड के कई सिलेब्स खुशी जता चुके हैं। इस बीच क्रिकेट के शौकीन अमिताभ बच्चन ने का ट्वीट वायरल है। इसमें उन्होंने बताया है कि उन्होंने जीत के लिए क्या कुर्बानी दी। टीम इंडिया ने 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में धूम मचा दी। भारत ने न्यूजीलैंड को 96 रनों से करारी शिकस्त दी। जीत के बाद शाहरुख खान से लेकर विकी कौशल तक ने सोशल मीडिया पर टीम इंडिया को बधाई दी। अब अमिताभ बच्चन का ट्वीट भी सुर्खियां बटोर रही है। उन्होंने मैच की कई तस्वीरों के साथ लिखा है कि ऐसा कैसे हो गया।



### मैच ना देखना देशसेवा

अमिताभ बच्चन क्रिकेट के तगड़े फैन हैं। सोशल मीडिया पर उनकी दीवानगी अक्सर जाहिर होती रहती है। वह बड़े शौक से क्रिकेट देखते हैं, लेकिन टी-20 वर्ल्ड कप फाइनल में एक अंधविश्वास के चलते उन्होंने मैच नहीं देखा। अमिताभ बच्चन ने लिखा है, 'कहा था नहीं देखूंगा तो जीत जाएंगे, हो गया।' कई लोग अमिताभ के ट्वीट के मजे ले रहे हैं। एक ने लिखा है, सर अगर ऐसा है तो आपका मैच ना देखना भी देश सेवा ही हो गया। इंडिया के लिए ये बलिदान जारी रखिए। एक ने लिखा है कि अब अमिताभ बच्चन को हाइलाइट्स देख लेनी चाहिए।

### एक बार टूट चुका अंधविश्वास

अमिताभ बच्चन मैच देखने को लेकर इस टोटके को काफी पहले से फॉलो करते हैं। 2007 के बाद उन्होंने एक इंटरव्यू में बताया था कि मैच अगर तनावपूर्ण होता है तो वह लाइव नहीं देखते, उन्हें लगता है कि वह देखेंगे तो इंडिया मैच हार जाएगा। 2011 वर्ल्डकप में उन्होंने डर के बाद भी मैच देखा था। जीत के बाद अमिताभ बच्चन ने ट्वीट किया था, मैं मैच देखने को लेकर अंधविश्वासी हूं, क्योंकि मुझे लगता है हम हार जाएंगे... लेकिन पता नहीं क्यों आज टीवी के सामने बैठ गया और धोनी के छक्के तक देखता रहा।'

## फैंस का मनोरंजन करने के लिए एक बार फिर से आ रहा है 'द सोसाइटी'

# इस वीक थिएटर्स से लेकर ओटीटी तक रिलीज होंगे ये नए थ्रिलर

*नई दिल्ली। इस सप्ताह 15 मार्च तक मनोरंजन जगत में नई-नई फिल्में और वेब सीरीज की बाढ़ आने वाली है। इस पूरे हफ्ते फैंस का एंटरटेनमेंट का महाडोज मिलने की पूरी गारंटी है। ऐसे में आइए जानते हैं कि वे कौन सी मोस्ट अवेटेड मूवीज, सीरीज और शोज हैं, जिन्हें थिएटर्स से लेकर अलग-अलग ओटीटी प्लेटफॉर्म तक इस पूरे वीक रिलीज किया जाएगा।*

### द सोसाइटी 2

बिग बॉस विनर और रियलिटी शो होस्ट मुनव्वर फारूकी का शो द सोसाइटी एक बार फिर से फैंस का मनोरंजन करने के लिए आ रहा है। 9 मार्च से द सोसाइटी सीजन 2 को ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर ऑनलाइन स्ट्रीम हो गया है।

### वन पीस सीजन 2

लाइव एक्शन और फैंटेसी एडवेंचर वेब सीरीज वन पीस दो साल के इंतजार के बाद अपना सीजन 2 लेकर आ रही है। इस सीरीज का नया सीजन 10 मार्च यानी मंगलवार से ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर ऑनलाइन स्ट्रीम होगा।

### संकल्प

अभिनेता नाना पाटेकर, मोहम्मद जीशान आयूब और संजय कपूर स्टारर थ्रिलर संकल्प भी इस वीक ओटीटी पर एंट्री मार रही है। इस लेटेस्ट वेब सीरीज को ओटीटी प्लेटफॉर्म अमेजन एम एक्स प्लेयर पर 11 मार्च से रिलीज किया जाएगा। इस सीरीज का निर्देशन दिग्गज फिल्ममेकर प्रकाश झा ने किया है।




### भरथा महासयूलकु विग्न्यपति

साउथ सिनेमा के मशहूर अभिनेता रवि तेजा की तेलुगु कॉमेडी ड्रामा फिल्म भरथा महासयूलकु विग्न्यपति की ओटीटी रिलीज का ऐलान हाल ही में किया गया है। ये मूवी 13 मार्च फ्राइडे को ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर आ जाएगी।

### मेड इन कोरिया

साउथ सिनेमा की मशहूर एक्ट्रेस प्रियंका अरुल मोहन की रोमांटिक ड्रामा मूवी मेड इन कोरिया भी इस हफ्ते रिलीज के लिए तैयार है। इस मूवी को ओटीटी प्लेटफॉर्म नेटफ्लिक्स पर आप 12 मार्च से देख सकते हैं।

### किस्सा कोर्ट कचहरी का

इस वीक की एकमात्र थिएटर रिलीज फिल्म किस्सा कोर्ट कचहरी का है। निर्देशक रजनीश जायसवाल के डायरेक्शन में बनने वाली इस मल्टी स्टारर कोर्टरूम ड्रामा मूवी को 13 मार्च शुक्रवार को सिनेमाघरों में रिलीज किया जाएगा।

### एस्पिरेंट्स सीजन 3

इस हफ्ते अगर किसी वेब सीरीज का फैंस बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं तो वह एस्पिरेंट्स सीजन 3। पहले दो सीजन से ऑडियंस का दिल जीतने वाली एस्पिरेंट्स सीरीज का तीसरा सीजन 13 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देखने को मिल जाएगा।

### द ताज स्टोरी

अभिनेता परेश रावल की फिल्म द ताज स्टोरी को लेकर काफी विवाद देखने को मिला था। थिएटर्स के बाद अब उनकी ये फिल्म ओटीटी पर दस्तक देने के लिए तैयार हो गई है। 13 मार्च से ओटीटी प्लेटफॉर्म लॉयंस गेट प्ले पर आपका इसका आनंद ले सकते हैं।

### जूटोपिया 2

ऑस्कर विजेता एनिमेटेड कॉमेडी-एडवेंचर फिल्म जूटोपिया का सीक्वल देखने के लिए सिनेप्रेमी काफी बेताब हैं। 13 मार्च से आप इस मूवी का दूसरा भाग ओटीटी प्लेटफॉर्म जियो हॉटस्टार पर एन्जॉय कर सकते हैं।

### अंधा प्यार 2.0

ए ब्लाइंड डेटिंग कॉमेडी रियलिटी शो अंधा प्यार का सीजन 2 भी इस हफ्ते मनोरंजन जगत की शोभा को बढ़ाता हुआ नजर आएगा। 14 मार्च शनिवार को इसे ओटीटी प्लेटफॉर्म जी5 पर ऑनलाइन स्ट्रीम किया जाएगा।

खबर संक्षेप

## सरस्वती शिशु मंदिर में संस्कृति ज्ञान परीक्षा प्रमाण पत्र का वितरण



**नवागढ़।** सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय नवागढ़ में विद्या भारती द्वारा प्रत्येक वर्ष संस्कृति ज्ञान परीक्षा आयोजित किया जाता है, जिसमें शिशु मंदिर के प्रत्येक छात्रों, आचार्य परिवार को इस परीक्षा को दिलाना अनिवार्य होता है। इस वर्ष का संस्कृति ज्ञान परीक्षा परिणाम का घोषणा प्राचार्य द्वारा किया गया। शासकीय नवीन महाविद्यालय नवागढ़ के छात्र-छात्राओं ने इस वर्ष बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। प्रतिभागी छात्रों का प्रथम प्रवेशिका प्रमाण पत्र महाविद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र कुमार पटेल का विद्यालय आगमन पर उन्हें सह सम्मानपूर्वक सौंपा गया। इस अवसर पर विद्यालय के छात्र-छात्राओं से प्राचार्य ने सौजन्य मुलाकात करते हुए कक्षा नवम के छात्रों को शिक्षा के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विशेष मार्गदर्शन दिया और उन्होंने आश्वासन दिया कि आगामी सत्र में हम अधिक से अधिक महाविद्यालयीन छात्र-छात्राओं को विद्या भारती की और भारतीय संस्कृति की संस्कृति ज्ञान परीक्षा में सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर असिस्टेंट प्रोफेसर विकास सिंह, लेखपाल महिपाल, विद्यालय के प्राचार्य भूपेंद्र कुमार यादव, पूर्व प्राचार्य अमृतलाल एवं शिक्षक-शिक्षिका उपस्थित रहे।

## युवाओं ने चलाया स्वच्छता अभियान साफ सफाई कर एकत्र किया कचरा



**जांजगीर-चांपा।** जिला मुख्यालय जांजगीर में युवाओं द्वारा संचालित ऑपरेशन सोनचिरैया स्वच्छता अभियान के तहत 8 एवं 9 मार्च को पुराना हॉस्पिटल नेक्सस कैफे के पास स्थित क्षेत्र में स्वच्छता अभियान चलाया गया। यह अभियान सुबह 6 बजे से 10 बजे तक चला, जिसमें युवाओं ने मिलकर आसपास के क्षेत्र की सफाई की और कचरा एकत्र कर उसे हटाया। ऑपरेशन सोनचिरैया का उद्देश्य शहर को स्वच्छ बनाना और लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक करना है। इससे पहले भी शहर में 5 सफल स्वच्छता अभियान किए जा चुके हैं। स्वच्छता अभियान में पार्थ तिवारी, महेंद्र चौहान, निखिल कहरा, पिंटू यादव, शुभ सिंह, अनीश रत्नाकर, शुभम राठौर, गौरव काटकवार, संजू रात्रे एवं लक्ष्य लादेर शामिल रहे।

## कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय उप संयोजक बने डॉ. संजय सिंह



**चांपा।** संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर छत्तीसगढ़ कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन के प्रांतीय संयोजक कमल वर्मा द्वारा छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के प्रांताध्यक्ष डॉ. संजय सिंह ठाकुर को कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन का प्रांतीय उप संयोजक नियुक्त किया गया है। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर ने कहा कि डॉ. संजय सिंह ठाकुर के दूरदर्शी विचार, समृद्ध संगठनात्मक अनुभव और सशक्त नेतृत्व से कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन को नई दिशा, नई ऊर्जा और नई ऊंचाइयां प्राप्त होंगी तथा कर्मचारी हितों की आवाज और अधिक प्रभावी ढंग से उठेगी। छत्तीसगढ़ शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष डॉ. रविन्द्र द्विवेदी ने कहा कि उनके नेतृत्व में संगठन की मजबूती और कर्मचारी हितों की रक्षा के लिए सार्थक पहलें होंगी। प्रांतीय कर्मचारी अधिकारी फेडरेशन द्वारा डॉ. संजय सिंह ठाकुर को प्रांतीय उप संयोजक बनाएं जाने पर प्रांतीय संगठन मंत्री ओंकार सिंह ठाकुर, शिक्षक संघ के पालक अधिकारी गोपाल यादव, कार्यकारी प्रांताध्यक्ष उमेश भारती गोस्वामी, महामंत्री मनोज राय, प्रदेश मंत्री भुवनेश्वर देवांगन, प्रांतीय कोषाध्यक्ष गया राम राजवाड़े, उप प्रांताध्यक्ष डॉ. अशोक गुप्ता, संभागीय अध्यक्ष तरुण राठौर, संभागीय सचिव प्रमोद हंसराज, राजेन्द्र जायसवाल, संतोष साव,लक्ष्मीनारायण तिवारी, लोमस श्रीवास, विनोद पाण्डेय सहित शिक्षाविदों, समाजसेवियों एवं प्रबुद्धजनों ने हर्ष व्यक्त किया है।

## नि:शुल्क स्वास्थ्य शिविर का 225 मरीजों ने उठाया लाभ



**अकलतरा।** यूनिक हॉस्पिटल बिलासपुर द्वारा रविवार 8 मार्च को कमला देवी हॉस्पिटल बनाहिल में नि:शुल्क स्वास्थ शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में मरीजों का नि:शुल्क जांच कर दवाई दी गई। शिविर का 227 लोगों ने लाभ उठाया। शिविर में डॉक्टर नरेश कुमार, डॉ. गीतांजलि, डॉ. के देवांगन, डॉ. नीरजा जैन, डॉ.जितेन्द्र जैन ने अपनी सेवाएं दी।

### 19 मार्च से जगमगाएंगे आस्था के दीपक, ज्योति कलश कक्ष को किया जा रहा तैयार

# नवरात्र को लेकर देवी मंदिरों में चल रहा साफ-सफाई व रंग रोगन का काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

बासंती चैत्र नवरात्र गुरुवार 19 मार्च से शुरू होगा। इसके साथ ही देवी मंदिरों में आस्था के दीप जगमगाएंगे। देवी मंदिरों में जोर-शोर से तैयारियां चल रही है। साफ-सफाई के साथ मंदिरों का रंग रोगन का कार्य चल रहा है। ज्योति कलश कक्ष को भी तैयार किया जा रहा है। चैत्र नवरात्रि में श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित कराते हैं, जिसके लिए समिति के लोग रसीद काटने में जुट गए हैं। भक्त तेल ज्योति एवं घृत ज्योति के लिए भक्त रसीद कटवा रहे हैं।



अन्नपूर्णा मंदिर शिवरीनारायण।

नवरात्रि में पूरे नौ दिनों तक अंचल में माहौल भक्तिपूर्ण रहेगा। इसके लिए चंद्रपुर की चंद्रहासिनी, शिवरीनारायण की अन्नपूर्णा खोखरा की मनकादाई, चांपा के सम्लेश्वरी मंदिर, हरदी की महामाया, मदनपुरगढ़ के मनकादाई मंदिर सहित जिले के सभी देवी मंदिरों में साफ-सफाई व रंग रोगन का काम चल रहा है। वहीं समिति के सदस्य ज्योति कलश के लिए रसीद बुक लेकर श्रद्धालुओं से संपर्क कर रहे हैं। नगर के पुरानी बस्ती स्थित देवी दाई मंदिर में नवरात्र के लिए साफ-सफाई की जा रही है। नौ दिन तक चलने वाले इस पावन पर्व पर प्रमुख देवी मंदिरों में दूर-दूर से भक्तों का रेला लगा रहता है। चंद्रपुर में मां चंद्रहासिनी के दरबार में भी नवरात्रारंभ होते ही आस्था के दीप प्रज्जवलित किए जाएंगे और भक्तों की कतार लगेगी। यहां भक्त लोट मारते हुए पहुंचेंगे। इसी प्रकार शिवनीनारायण की अन्नपूर्णा माता पर भी श्रद्धालुओं की अटूट आस्था है। श्रद्धालु बड़ी संख्या में मनोकामना दीप प्रज्जवलित कराते है। महामाया मंदिर हरदी में भक्त दूर-दूर से यहां ज्योति जलवाने पहुंचते हैं। घट स्थापना होते ही मां महामाया के दर्शन के लिए भक्तों का तांता लगेगा। खोखरा में मां मनकादाई के दरबार में भी मनोकामना ज्योतिलश प्रज्वलित किए जाएंगे। इन दिनों मंदिर और ज्योति कलश कक्षों के साफ-सफाई, रंग रोगन के साथ सजाने का काम चल रहा है। खोखरा की मनका दाई आसपास के ग्रामीणों के लिए आस्था का केंद्र है। यहां मंदिर परिसर में नौ दिन तक मेला लगेगा।

**ज्योतिकलश का महत्व**-नवरात्र के दौरान देवी मंदिरों में ज्योतिकलश प्रज्वलित कराने का विशेष महत्व है। अधिकांश लोग मन्नत मांगने के लिए देवी के दरबार में ज्योति कलश जलवाते हैं। वहीं कई भक्त मनोकामना पूर्ण होने के बाद भी कलश प्रज्वलित कराते हैं। चंद्रपुर, खोखरा और हरदी में सबसे ज्यादा ज्योति कलश जलते हैं।

## सिलादेही में जोर-शोर से चल रही नवरात्रि पर्व की तैयारी

**बिर्रा।** जनपद पंचायत बम्हनीडीह के अंतर्गतग्राम पंचायत सिलादेही के पुरानी बस्ती में स्थित मां चंडी दाई मंदिर में शारदीय चैत्र नवरात्र की तैयारी जोर शोर से प्रारंभ कर दी गई है। मंदिर परिसर को साफ सफाई किया जा रहा है। इसके साथ ही रंग रोगन का कार्य भी किया जा रहा है। साथ ही ज्योति कलश प्रज्वलित करने के लिए तैयारी की जा रही है। जो इस वर्ष 19 मार्च हिंदू नव वर्ष प्रतिपदा के दिन नवरात्र प्रारंभ होगी एवं घट स्थापना एवं जोत ज्वारा स्थापना की जाएगी। मां चंडी दाई मंदिर में इस वर्ष सकल मनोरथ के लिए दुर्गा सप्तशती का पाठ किया जाएगा। पाठ एवं मनोकामना ज्योति कलश की रसीद के लिए मंदिर परिसर में भक्त संपर्क कर सकते हैं। जो भक्त सच्चे मन से मां चंडी दाई की प्रार्थना करते हैं। मां उनकी हर मनोकामना पूर्ण करते हैं। मंदिर के पुजारी पंडित शिवप्रसाद तिवारी एवं देवकीनंदन तिवारी ने बताया कि मां चंडी दाई उन सभी भक्त की मनोकामना पूर्ण करते हैं जो भक्त सच्चे मन से मां चंडी दाई की भक्ति करते हैं मां अवश्य ही उनकी हर मनोकामना पूरा करती है।

## चण्डी दाई मंदिर में विधि विधान से होंगे धार्मिक अनुष्ठान

ग्राम महंत के सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई मंदिर में नवरात्र पर्व की तैयारी चल रही है है। यहां 19 मार्च से मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए जाएंगे। नवरात्र पर्व मनाने आयोजन समिति के सदस्य एवं ग्रामवासी जुट गए है। वासंती चैत्र नवरात्रि महापर्व के अवसर पर सिद्ध शक्ति पीठ चण्डी दाई तीरथ धाम ग्राम महंत में 19 मार्च से 27 मार्च तक विधि विधान से धार्मिक अनुष्ठान के साथ मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलन हेतु आवश्यक तैयारी प्रारंभ हो गई है। मंदिर परिसर के रंग रोगन, ज्योति कलशों के साफ सफाई किया जा रहा है । आयोजन की तैयारी में समस्त ग्राम वासियों के साथ श्रद्धालुजन अपनी-अपनी सहभागिता निभा रहे हैं।



## कलेक्टर ने सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बलौदा का कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने मंगलवार 10 मार्च को निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की व्यवस्थाओं का जायजा लिया। इस दौरान उन्होंने ओपीडी, ओटी कक्ष, पोषण पुनर्वास केंद्र, प्रसव कक्ष, दवा वितरण कक्ष सहित विभिन्न कक्षों का निरीक्षण कर वहां उपलब्ध सुविधाओं की जानकारी ली एवं उपस्थित मरीजों से बातचीत कर उपचार और सुविधाओं के संबंध में फीडबैक भी लिया।

- मरीजों की सुविधाओं, ओपीडी सहित विभिन्न वार्डों का निरीक्षण कर मरीजों से लिया फीडबैक

उन्होंने डॉक्टरों को मरीजों के बेहतर उपचार एवं संवेदनशीलता के साथ सेवा प्रदान करने के निर्देश दिए। उन्होंने अस्पताल परिसर में साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने तथा बायोमेडिकल वेस्ट के समुचित प्रबंधन के निर्देश दिए। साथ ही अस्पताल प्रबंधन को स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में निरंतर सुधार करते हुए आमजन को बेहतर और सुगम स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। कलेक्टर श्री महोबे ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को समय पर ड्यूटी पर उपस्थित रहने, अपने दायित्वों का गुणवत्ता के साथ निर्वहन करने तथा अस्पताल परिसर में स्वच्छता व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने मरीजों को आवश्यक दवाइयों एवं अन्य सामग्री की नियमित उपलब्धता सुनिश्चित करने कहा। इस दौरान सीएमएचओ डॉ अनिता श्रीवास्तव, एसडीएम अकलतरा सुमित बघेल सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला युवा संसद में चयनित शिवेश का राज्य स्तर पर हुआ चयन




**अकलतरा।** शासकीय डॉ. इंद्रजीत सिंह महाविद्यालय अकलतरा के राष्ट्रीय सेवा योजना के स्वयंसेवक शिवेश कुमार मिश्रा का जिला युवा संसद में उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राज्य स्तरीय युवा संसद के लिए चयन किया गया है। वे छत्तीसगढ़ विधानसभा भवन में आयोजित राज्य स्तरीय युवा संसद में जांजगीर-चांपा जिले का प्रतिनिधित्व करेंगे। जिला स्तरीय युवा संसद का आयोजन नवोन्मेष शासकीय महाविद्यालय नवागढ़ में किया गया था, जिसमें जिले भर से अनेक प्रतिभागियों ने भाग लिया। इस प्रतियोगिता में शिवेश कुमार मिश्रा ने अपने विचारों और वक्तृत्व कौशल से प्रभावशाली प्रस्तुति दी, जिसके आधार पर उनका चयन राज्य स्तर के लिए किया गया।उनके इस उपलब्धि पर महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. मनेंद्र मेहता, डॉ. यू.एन. कुर्रे, डॉ. विष्णु वर्मा, राष्ट्रीय सेवा योजना कार्यक्रम अधिकारी डॉ. सीमा जायसी , प्रो जे एन कुर्रे,डॉ उपेंद्र कुमार वर्मा, सहित महाविद्यालय परिवार ने उन्हें बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं तथा राज्य स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन की कामना की है।

## जिले में 18 हजार से अधिक सोक पिट का निर्माण पूर्ण

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले में जल संरक्षण को जन-आंदोलन बनाने के उद्देश्य से 1 मार्च से "मोर गांव - मोर पानी" अभियान के अंतर्गत लगातार जल संचय जनभागीदारी अभियान चलाया जा रहा है।

- मोर गांव-मोर पानी अभियान के तहत सोक पिट व रेनवॉटर हार्वेस्टिंग का हो रहा निर्माण




बम्हनीडीह ब्लॉक के ग्राम कचंदा में बनाया गया सोक पीट।

अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर इस अभियान को वृहद रूप देते हुए जिले के गांव-गांव में विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें महिलाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लेते हुए जल संरक्षण की शपथ ली गई और अपने गांवों में जल संचयन संरचनाओं के निर्माण में सक्रिय सहभागिता निभाई गई। कलेक्टर जन्मेजय महोबे ने नागरिकों से अपील करते हुए कहा कि "मोर गांव - मोर पानी अभियान का उद्देश्य प्रत्येक गांव में जल संरक्षण की मजबूत व्यवस्था तैयार करना है। यदि हर घर में रिचार्ज पिट और सोखता गड्ढा बनाए जाएं तो वर्षा जल का संरक्षण कर भविष्य में जल संकट से बचा जा सकता है। अभियान के तहत गांव-गांव में सोक पिट निर्माण का कार्य किया जा रहा है। जिले में अब तक 18,032 सोक पिट का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है तथा 10,974 निर्माणाधीन हैं। जिसमें जनपद पंचायत अकलतरा में 10042 पूर्ण व 2022 प्रगतिरत, बलौदा में 2840 पूर्ण व 2075 प्रगतिरत, बम्हनीडीह में 2638 पूर्ण व 2665 प्रगतिरत, नवागढ़ में 567 पूर्ण व 2194 प्रगतिरत तथा पामगढ़ में 1945 पूर्ण व 2018 प्रगतिरत सोक पिट निर्माण कार्य जारी है। इसी प्रकार अब तक 190 रेन वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण पूर्ण किया जा चुका है, जबकि 436 संरचनाएं प्रगतिरत हैं। जिसमें जनपद पंचायत अकलतरा में 95 पूर्ण व 135 प्रगतिरत, बम्हनीडीह में 25 पूर्ण व 36 प्रगतिरत, नवागढ़ में 12 पूर्ण व 113 प्रगतिरत तथा पामगढ़ में 58 पूर्ण व 152 प्रगतिरत रेन वॉटर हार्वेस्टिंग संरचनाओं का निर्माण किया जा रहा है।

## विधायक के प्रयास से निर्माण कार्यों के लिए 40 लाख स्वीकृत

**जांजगीर-चांपा।**जांजगीर-चांपा विधानसभा क्षेत्र के विधायक ब्यास कश्यप के प्रयासों से क्षेत्र के विभिन्न गांवों के तालाबों एवं नाला में तट बंध, पिचिंग एवं पुल निर्माण के लिए 40 लाख रूपए राशि की स्वीकृति मिली है। यह स्वीकृति राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग द्वारा अधोसरंचना विकास एवं पर्यावरण उपकर निधि के अंतर्गत प्रदान की गई है। ग्राम पंचायत पेंड्री (नवागढ़) में पेंड्री नाला पुलिया के पास तटबंध एवं पचरी निर्माण कार्य के लिए 10 लाख रूपए, ग्राम ख़ैरताल के लंकेटर तालाब में पिचिंग एवं पचरी निर्माण कार्य के लिए 10 लाख तथा ग्राम हाथीटिकरा के कांजी नाला में पुल निर्माण के लिए 20 लाख रुपए राशि स्वीकृत की गई है। ज्ञात हो कि उपरोक्त कार्यों की मांग लंबे समय से स्थानीय जन प्रतिनिधियों एवं आमजनों के द्वारा की जा रही थी। विधायक ब्यास कश्यप द्वारा इस विषय को गंभीरता से उठाते हुए संबंधित विभाग से लगातार पत्राचार और पहल की गई, जिसके परिणामस्वरूप इन कार्यों के लिए स्वीकृति जारी कर दी गई है। विधायक ने कहा कि इसके पूर्व में भी इसी योजना से जांजगीर चांपा विधान सभा के अन्य ग्रामों में 57 लाख रुपए के विकास कार्य स्वीकृत हो चुके हैं।

## टी 20 विश्व कप में भारत की जीत पर क्रिकेट प्रेमियों ने आतिशबाजी कर बांटी मिठाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

टी20 विश्व कप क्रिकेट प्रतियोगिता में भारत एवं न्यूजीलैंड के बीच फाइनल मैच का बड़े पर्दे पर सीधा प्रसारण आजाद ग्रुप के द्वारा करते हुए नगर वासियों ने भरपूर आनंद लिया एवं प्रतियोगिता के निर्णायक मैच में भारत की जीत होने पर आतिशबाजी कर एवं मिठाई बांटकर ढोल नगाड़ों के साथ क्रिकेट प्रेमी झूमते नाचते हुए नजर आए। देश प्रेम से ओतप्रोत नगर के क्रिकेट प्रेमियों के द्वारा भारतीय टीम की हौसला अफजाई करते हुए भारतीय खिलाड़ियों के प्रत्येक चौके, छक्के पर ढोल नगाड़ों से स्वागत किया गया वहीं न्यूजीलैंड के टीम का विकेट गिरने पर पटाखे फोड़ कर खुशियों का इजहार किया गया। आजाद ग्रुप के सदस्यों के द्वारा भारतीय क्रिकेट टीम की जीत के लिए प्रार्थना करते हुए फाइनल मैच का आनंद लेने के लिए प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर मैच का सीधा प्रसारण, डीजे एवं ढोल नगाड़ों की व्यवस्था, पटाखे व मिठाई की व्यवस्था की गई थी। भारतीय टीम की जीत के पश्चात क्रिकेट प्रेमियों के द्वारा जुलूस भी निकल गया। इस अवसर पर अंकित सिंह सिसोदिया, राज कुमार सिंह अभिषेक सिंह, अभिजीत सोनवानी, उज्वल दीवान, विपुल जैन , गगन सिंह, गगन सिंह, अमित यादव, जयदीप सिंह, अमन सोनवानी, मोनू अनंत, संजू बरेठ, दिनेश मौर्य,देवेंद्र तिवारी, अनंत सोनी, अनूप ताम्रकार, मयंक अग्रवाल, शहज़ादा खान, निलेश कमानिया विक्रांत सिंह सहित नगर वासी बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

- प्रोजेक्टर के माध्यम से बड़े पर्दे पर लाइव मैच देखते हुए लोगों ने लिया क्रिकेट स्टेडियम जैसा आनंद



जीत का जश्न मनाते क्रिकेट प्रेमी व नगरवासी।

## बिहान की महिलाओ को दी गईं उद्यमिता विकास की जानकारी

**बहेराडीह।** नगरदा में ब्लॉक स्तरीय भावी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों उद्यमियों, हितग्राहियों के लिए उद्यमिता विकास, क्षमता निर्माण कार्यक्रम आयोजित।बहेराडीह। फोटो,छत्तीसगढ़ राज्य औद्योगिक विकास निगम लिमिटेड रायपुर के तत्वाधान में ग्राम नगरदा में रेजिंग एन्ड एक्सेलरेटिंग एमएसएमई परफार्मेन्स योजना के अंतर्गत ब्लॉक स्तरीय भावी सूक्ष्म, लघु एवं मध्यम उद्यमों एमएसएमई, उद्यमियों एवं हितग्राहियों के लिए उद्यमिता विकास व क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस प्रशिक्षण में बिहान से जुड़े महिला स्व सहायता समूहों की महिलाओ को दस दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम समन्वयक अभिजीत भट्ट ने बताया कि ग्रामीण महिलाओ को तकनीक सहायता संस्था क्रृषि विकास सहकारी समिति लिमिटेड गुरुग्राम, हरियाणा के सहयोग से रेम्प योजना अंतर्गत उद्यमिता विकास को लेकर जिला प्रशासन के सहयोग से प्रशिक्षण दिया गया। श्री भट्ट ने बताया कि प्रशिक्षण में महिलाओ को उद्यमिता का परिचय, एमएसएमई और स्टार्टअप नवाचार और जोखिम प्रबंधन, स्थानीय अवसर मानचित्रण, उद्यम कैसे शुरू करें, ब्यवसायिक विचार और ब्यवहार्यता, पंजीकरण आवश्यकतायें, वित्तीय एवं परिचालन योजना, परियोजना रिपोर्ट तैयार करना, एमएसएमई के लिए सरकारी योजनाएं, मार्केटिंग और ब्यापार के बारे में जानकारी दी गईं।प्रशिक्षण में जिला ब्यापार व उद्योग केंद्र के डीआरपी संतोष कुमार शुक्ला ने विभागीय योजनाओं की विस्तारपूर्वक जानकारी दिया। वरिष्ठ पत्रकार कुंजबिहारी साहू किसान स्कूल के संचालक दीनदयाल यादव ने ब्रांडिंग और पैकेजिंग को लेकर जानकारी दी। सुजाता पारीख ने बैंकिंग प्रणाली तथा वित्तीय साक्षरता को लेकर एनआरएलएम से जुड़ी स्व सहायता समूह की महिलाओ को जानकारी दी।



### प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय में महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम आयोजित

# हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही नारी : मंजू

हरिभूमि न्यूज ⏭ खरौद

प्रजापिता ब्रह्मकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय ओम शांति भवन खरौद में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

सेवाकेंद्र प्रभारी ब्रह्माकुमारी मंजु दीदी ने स्वागत उद्बोधन देते हुए कहा कि परमात्मा की सर्वश्रेष्ठ रचना नारी है,जो अपने प्रेम, ईमानदारी और समर्पण से घर को स्वर्ग समान बना सकती हैं। नारी घर और बाहर की सभी जिम्मेदारियों को संतुलित रूप से निभाते हुए समाज में महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं। उन्होंने आगे कहा कि नारी शक्ति में घर ही नहीं बल्कि पूरे संसार को श्रेष्ठ बनाने की क्षमता है, तभी तो परमात्मा आकर ज्ञान का कलश मातृशक्ति के सिर पर रखते हैं। आज नारी हर क्षेत्र में पुरुषों से कंधे से कंधा मिलाकर चल रही हैं। ब्रह्माकुमारी संस्था दुनिया की एकमात्र ऐसी संस्था है जो मातृशक्ति द्वारा 90 वर्षों से 140 देशों में निरंतर रूप से चलाई जा रही हैं, जिनकी मुख्य प्रशासिका 89 वर्षीय राजयोगिनी दीदी मोहिनी हैं। होली का आध्यात्मिक अर्थ बताते हुए कहा कि हमें अपने अंदर की बुराइयों, विकारों का होलिका दहन करना है फिर एक दूसरे को स्नेह, प्यार का रंग लगाते हुए मीठे बोल की मिठाई खानी और खिलानी है। कार्यक्रम का शुभारंभ अतिथियों द्वारा दीप प्रज्वलन कर किया गया। सभी अतिथियों का सम्मान बीके मंजु दीदी, बीके चंद्रकांता बहन, बीके जया बहन द्वारा तिलक, श्रीफल, पगड़ी, अंगवस्त्र देकर किया गया। संस्था का परिचय बीके हेमा दीदी पामगढ़ द्वारा दिया गया। विशिष्ट अतिथि के रुप में पिछड़ा वर्ग विकास संगठन जिला अध्यक्ष सुश्री नीलम यादव, पार्षद दीपशिखा यादव, पार्षद रीका यादव, पार्षद गेंदबाई आदित्य, वरिष्ठ शिक्षिका खगेश्वरी शर्मा, स्वच्छता दीदी ललिता, महिला कमांडो अध्यक्ष धनेश्वरी आदित्य, भाजपा महिला मोर्चा अध्यक्ष चंद्रवती सोनी, कामिनी सोनी, देवकांता यादव, शिक्षिका शकुंतला देवांगन रही। शिक्षिका ज्योतिलक्ष्मी योगी ने स्वागत नृत्य कर अतिथियों का स्वागत किया। पार्षद नीलम यादव ने अपने सुमधुर आवाज में शिव प्रार्थना गीत सुनाकर सबको मंत्रमुग्ध कर दिया। आभार प्रदर्शन रायपुर से आई गीता साहू ने किया।




कार्यक्रम में मंचस्थ अतिथि।